न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर धीरवास छोटा

अनुवान तेजपाल आदि बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना–पत्र संख्या –283 /2025

निर्णय दिनांक 03/07/25

1. तेजपाल पुत्र मनफूल जाति जाट निवासी कालवास तहसील तारानगर जिला चूरू
2. बिमला पुत्री मनफूल जाति जाट निवासी कालवास तहसील तारानगर जिला चूरू

प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट

–::निर्णय::–

प्रार्थीगण द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर धीरवास छोटा में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि खाता संख्या 20 खसरा नं. 56 तादादी 4.2867 हैक्ट., ख.नं. 73 तादादी 0.4932 हैक्ट., कृषि भूमि रोही मौजा रांघेड़ी व खाता संख्या 24 कृषिभूमि रोही ग्राम धीरवास छोटा में दर्ज रिकॉर्ड है। खाता संख्या 20 में प्रार्थी का नाम बिमला पुत्री सरती पत्नी मनफूल एवं खाता संख्या 24 में प्रार्थीगण के पिता का नाम फूलाराम दर्ज है जो कि गलत है सही नाम बिमला पुत्री मनफूल एवं तेजपाल पुत्र मनफूल है। अतः श्रीमानजी से निवेदन है कि नाम शुद्धि कर दर्ज करवाने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट में संबंधित पटवारी हल्का ने प्रार्थीगण का नाम बिमला पुत्री मनफूल व तेजपाल पुत्र मनफूल किये जाने की अभिशंषा की गई है।

अतः कृषि भूमि रोही ग्राम रांघेड़ी तहसील तारानगर के खाता संख्या 20 खसरा नं. 56 तादादी 4.2867 हैक्ट., ख. नं. 73 तादादी 0.4932 हैक्ट., एवं कृषिभूमि रोही ग्राम धीरवास छोटा के खाता संख्या 24 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थीगण का नाम क्रमशः बिमला पुत्री सरती पत्नी मनफूल व तेजपाल पुत्र फूलाराम Delete कर इसके स्थान पर बिमला पुत्री मनफूल व तेजपाल पुत्र मनफूल अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 03/07/25 को कैम्प कोर्ट धीरवास छोटा में लिखाया जाकर सुनाया गया।

Rajendra

(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)